भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं.*417

जिसका उत्तर 31.03.2022 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना

*417. डॉ. मनोज राजोरिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2017 में आरंभ की गई भारतमाला परियोजना के अंतर्गत क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ख) अब तक हासिल किए गए लक्ष्यों एवं इस संबंध में व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना के अंतर्गत राजस्थान राज्य में अब तक निष्पादित किए गए तथा निष्पादित किए जाने हेतु प्रस्तावित विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है।

'भारतमाला परियोजना' के संबंध में डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा पूछे गए दिनांक 31.03.2022 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *417 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 24.10.2017 को "भारतमाला परियोजना" के चरण-I के लिए निवेश अनुमोदन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। भारतमाला परियोजना चरण-I में आर्थिक गलियारों, अंतर-गलियारा और फीडर सड़कों, राष्ट्रीय गलियारा दक्षता सुधार, सीमा और अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कों, तटीय और पत्तन संपर्कता सड़कों, एक्सप्रेसवे जैसे लगभग 24,800 किमी रारा नेटवर्क के साथ-साथ शेष एनएचडीपी के तहत 10,000 किमी सड़कों का विकास शामिल है।

भारतमाला परियोजना चरण- I के तहत देश में विकास के लिए परिकल्पित 34,800 किमी लंबाई में से अब तक 6,18,686 करोड़ रु. लागत की 20,411 किमी लंबाई वाली रारा परियोजनाओं को सौंपा जा चुका है और परियोजना लंबाई के 8,134 किलोमीटर का निर्माण किया जा चुका है।

(ग) राजस्थान राज्य में, 2,737 किमी की परिकल्पित लंबाई में से अब तक 39,669 करोड़ रुपये लागत की 2,226 किमी लंबाई वाली रारा परियोजनाओं को सौंपा जा चुका है और परियोजना लंबाई के 1,688 किलोमीटर का निर्माण किया जा चुका है। शेष परियोजनाओं को वित्त वर्ष 24 तक सौंपने की योजना है।

*****